तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024

13 दिल्ली में होगा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला का प्रदर्शन



14 4 माह से वेतन रूका, काली पट्टी लगाकर कर रहे विरोध





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## एसडीएम ने नोडल अधिकारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

# वार्डों के परिसीमन में मनमानी शहर कांग्रेस ने मचाया हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर शासन स्तर पर शुरुवाती तैयारी चालू हो गई है। इसके लिए निकाय के सभी वार्डों में मतदाताओं की संख्या बराबर रखने सहित रेलवे ब्रिज, सड़क पार ना करते हुए मतदाताओं की संख्या बराबर रखने के स्पष्ट निर्देश के बाद भी शहर में पालिका द्वारा किए गए परिसिमन को नियम विरुद्ध बताते हुए नगर के कांग्रेसजनों ने गुरुवार को एसडीएम कार्यलय पहुंच कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। इस दौरान लगभग 2 ▸▸ शेष पेज 13 पर

### नियम विरुद्ध नगरीय क्षेत्रों का परिसीमन हुआ

इस संबंध विधायक इंद्र साव ने कहा कि नियम विरुद्ध नगरीय क्षेत्रों का परिसीमन हुआ है,जिसकी लिखित में शिकायत और आपत्ति दर्ज करा दी गई है। इस परिसीमन को देखने के बाद ऐसा लगता है कि किसी के इशारे या बोलने पर बिना मौका गए अधिकारियों और मातहत कर्मियों ने परिसीमन तय कर दिया गया है। इस दौरान एस डी एम कार्यलय में लगभग 2 घंटे तक कांग्रेस जन और वार्ड वासी उपस्थित थे। वहीं कांग्रेसजनों द्वारा की गई आपत्ति पर पालिका के नोडल अधिकारी अजय नायडू को एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए शुक्रवार को जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिए है।



### गलत तरीके से वार्डों का परिसिमन

उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार स्थानीय कांग्रेसजनों ने गुरुवार को विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में एसडीएम कार्यलय पहुंचकर शासन के स्पष्ट निर्देश के बाद भी गलत तरीके से हुए वार्डों के परिसीमन को लेकर अपनी नाराजगी जताते लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है। शिकायत कर्ताओं का कहना है वार्ड परिसीमन में शासन द्वारा दी गई गाइड लाइन को दर किनार करते हुए अपनी मर्जी से वार्डों का परिसीमन कर दिया गया है। इन परिसीमन को देखने के बाद किसी वार्ड के मतदाताओं की संख्या मात्र 1000 है, तो वहीं दूसरे वार्डों की जनसंख्या 1600 तो किसी वार्ड में 2000 से ऊपर भी है।

### रेलवे के लोगों को भी विभाजित किया गया

आपत्तिकर्ताओं का यह कहना है कि अनेक वार्डों के लोगों को सड़क पार करते हुए अपनी मर्जी से दूसरे वार्ड में जोड़ा गया, वहीं रेलवे के वार्ड के लोगों को भी विभाजित कर आधा आधा कर दिया गया। शिकायत कर्ताओं के मुताबिक 1 नंबर वार्ड में सड़क क्रॉसिंग कर वार्ड नंबर 8 के लोगों को जोड़ दिया गया। वार्ड नंबर 10 के हिस्से को वार्ड नंबर 13 में जोड़ा गया। वार्ड नंबर 12 के हिस्से को वार्ड नंबर 16 में जोड़ा गया। 14 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क क्रॉस कर 19 नंबर वार्ड में, वार्ड नंबर 16 और 17 का हिस्सा को वार्ड 21 में, 29 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर वार्ड नंबर 31 में उसी तरह वार्ड नंबर 30 के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर 29 नंबर वार्ड में जोड़ दिया गया है, जो बिल्कुल ही शासन की गाइड लाइन का उल्लंघन है।

# न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष बाजपेयी पहुंचे बलौदाबाजार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- महकोनी स्थित अमर गुफा का भी किया निरीक्षण
- बलौदाबाजार में होगी पीठ की सुनवाई, जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष हुआ आबंटित

जिले के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने की जांच औपचारिक तौर पर शुरू हो गई। घटना की जांच करने न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से घटना के संबध में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद वे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर पहुंचे, वहां अपर कलेक्टर कार्यालय में दस्तावेज देखकर अपर कलेक्टर को तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री बाजपेयी ने कहा कि अभी तो हम यहां व्यवस्था देखने आए हैं। बलौदाबाजार में ही जांच आयोग बैठेगा। सभी पक्षों से शपथ पत्र में जानकारी लेंगे। इसके बाद प्रति परीक्षण और बयान की कार्रवाई आगे होगी। इसके साथ न्यायालय परिसर का भी चिन्हाकंन किया गया तथा पीठ की सुनवाई के लिए कलेक्टोरेट परिसर अंतर्गत जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष आबंटित कर दिया गया है। इसके बाद श्री बाजपेयी ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे।

### बलौदाबाजार में जांच आयोग करेगा सुनवाई

घटना की जांच के लिए गठित एक सदस्यी न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ सीबी बाजपेयी द्वारा गुरुवार को कलेक्टर दीपक सोनी से विस्तृत जानकारी लेने के बाद जिला प्रशासन द्वारा जांच आयोग को जिला निर्वाचन कार्यालय भवन में तीन कक्ष आबंटित किया गया है। जिसमें कक्ष क्रमांक 1 न्यायमूर्ति सीबी बाजपेयी, कक्ष क्रमांक 2 न्यायालयीन उपयोग हेतु एवं कक्ष क्रमांक 3 न्यायिक जांच आयोग के स्टॉफ के लिए होगा।

## खबर संक्षेप



### 11 लीटर महुआ शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**गिधौरी।** चौकी गिरौदपुरी पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले शराब कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके कब्जे से 11 लीटर महुआ शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध जेल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को चौकी गिरौदपुरी से चौकी प्रभारी सउनि देवानंद माथूर, प्र.आर जितेंद्र साहू, रामप्रवेश धृतलहरे व हमराह स्टाफ की पुलिस टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी से कुल 11 लीटर महुआ शराब जब्त ▸▸ शेष पेज 13 पर

# कलेक्टोरेट आगजनी घटना में शामिल शिक्षक मोहन बंजारे निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला कार्यालय में 10 जून को हुई आगजनी के अभियुक्त शिक्षक मोहन बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मोहन बंजारे व्याख्याता (एलबी) के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़ा विकासखण्ड पलारी में पदस्थ थे। उनके विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में धारा 147, 148, 149, 294, 506, 186, 353, 332, 307, 435, 120बी, 427 भादवि सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3,4 के अन्तर्गत 15 जुलाई को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा ▸▸ शेष पेज 13 पर

# 1 लाख रुपए जब्त, 7 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सारंगढ़/बिलाईगढ़



पुलिस ने नवरंगपुर में जुआ खेल रहे 7 आरियों को दबोचा। पुलिस ने जुआ फड़ से 1 लाख रुपए जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छ.ग. जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

थाना सिटी कोतवाली प्रभारी कामिल हक ने बताया कि सारंगढ़ एवं साइबर सेल द्वारा रात्रि में नवरंगपुर में धर्मेन्द्र पटेल के घर सामने गली में कुछ लोगों के जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबन्दी कर सात जुआरियों को दबोचा। पकड़े गए जुआरियों में देवेन्द्र पटेल पिता बाबूलाल 41 वर्ष खरकेना थाना डभरा जिला सक्ति, विश्वकर्मा पिता जोहित भास्कर 40 वर्ष गुडेली थाना सिटी कोतवाली सारंगढ, राजकुमार बंजारे पिता भागीरथी 50 वर्ष ग्वालिनडीह थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़, पदमलोचन पटेल पिता गणेशराम 44 ▸▸ शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप



### स्वच्छता दीदी को रेनकोट वितरित

**रायपुर।** नगरनिगम जोन 3 कार्यालय में बुधवार को जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू ने वार्डो में स्वच्छता सहित अन्य कार्य को संपादित करने वाली स्वच्छता दीदियों को बारिश से बचने रेनकोट वितरित किये। इस अवसर पर जोन आयुक्त प्रीति सिंह, सहायक अभियंता सुशील अहीर, उप अभियंता नरेश साहू, शाहिद हुसैन, जमीला बेगम उपस्थित रही।

### आमानाका ब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आमानाका रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे प्रस्तावित वेंडिंग जोन का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेंडिंग जोन विकास के कार्य को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों को दिये। श्री मिश्रा ने प्रस्तावित स्थल को अवैध कब्जों से पूरी तरह से मुक्त करवाने की हिदायत दी।

### डेंगू जनजागरण अभियान

**रायपुर।** सूडा के निर्देश व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम शहर के 10 जोनों में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया। 12 से 15 जुलाई तक मच्छर जनित रोग डेंगू सहित अन्य जल जनित बीमारियों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अलग-अलग जोन में घरों का निरीक्षण कर करीबन 1612 घरों के विंडो कूलरों में भरा पानी खाली करवाया। इसके साथ हीघरों के विंडो कूलरों के भीतर एंटी लार्वा ट्रीटमेंट किया।

### वृंदावन हॉल में सम्मान समारोह 29 को

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं कक्षा में अपनी स्कूल में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 29 जुलाई को 'स्व. टी. कृष्णवेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ-सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभागार में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकार अपनी लघुकथा, लघु व्यंग्य, कविता आदि का पाठ भी करेंगे। उन्होंने शहर के साहित्यकारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया है।

### घायलों की जान बचाने वाले 5 नेक लोगों को एसएसपी ने किया सम्मानित




**रायपुर।** रायपुर जिले अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग एवं अन्य मार्गो में घटित सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की जान बचाने वाले गुड सेमेरिटंस (नेक इंसानों) को पुलिस प्रशासन ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एसएसपी संतोष सिंह 5 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं शिल्ड प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ओम प्रकाश शर्मा, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह उपस्थित रहें। सम्मानित हुए लोगों में अखिलेश द्विवेदी निवासी कटोरा तालाब, योगेंद्र साहू निवासी महामाया नगर सरोरा, जितेश महंत निवासी मंदिर हसौद, कीर्ति परमानंद निवासी भाठागांव तथा शुभम साहू निवासी राजा तालाब शामिल है। इनमें किसी ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजकर तो किसी ने ब्लड का इंतजाम कर लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सड़क की सीमा छोड़ जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बिछाये ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर धर्मेश साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा की बैठक ली। डीजे पर कार्रवाई के संबंध में बैठक में चर्चा की। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी ठेकेदारों के साथ विद्युत, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करें और ठेकेदारों को समझाएं कि सड़क के निर्धारित सड़क की सीमा को छोड़कर जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बिछाने का कार्य करें। इसी प्रकार विद्युत अधिकारी भी निर्धारित सड़क की सीमा को छोड़कर विद्युत खंभा स्थापित करें। कलेक्टर ने बैठक में हरदी से दानसरा तक सड़क चौड़ीकरण करने सहित दुर्घटनाजन्य ब्लॉक स्पॉट कुधरी, टुंडरी, कनकबीरा, खम्हरिया आदि के पास दिशासूचक और आवश्यक निर्माण कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिले के पशुपालकों को कहा कि वे अपने गाय, बछड़े आदि का देखभाल अच्छे से अपने घरों में करें, खुला न छोड़ें और सड़क पर बिल्कुल भी नहीं बैठे।

बैठक में परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, एएसपी कमलेश्वर चंदेल, एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर डॉ. वर्षा बंसल, डीएसपी अविनाश मिश्रा, एसडीओपी विजय ठाकुर, नेशनल हाईवे रायगढ़ के एसडीओ एमके गुप्ता, सब इंजीनियर रितेश कश्यप, एसडीओ वन, सीईओ, सीएमओ सहित पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

## अपराध का झूठा वीडियो न बनाए युवाओं को कलेक्टर की समझाइश




### पशुपालक से जुर्माना वसूला जाएगा

इस बात का ध्यान रखें और घर पर व्यवस्था करें। कलेक्टर ने इसकी रोकथाम की रूपरेखा तैयार की है, जिसके लिए बुनियादी तौर पर पशु चिकित्सा विभाग को गाय बछड़े को पशुपालक के नाम की टैगिंग की जाएगी। यदि गाय सड़क पर मिले तब उसे पंचायत और नगरीय निकाय विभाग द्वारा धरपकड़ कर संबंधित पशुपालक से जुर्माना वसूला जाएगा, उस जुर्माना राशि से पशुओं को देखभाल के लिए चारा पानी की व्यवस्था की जाएगी। यदि कांजी हाउस से पशुपालक गाय बछड़े को घर नहीं ले जाते तो उनके विरूद्ध कुर्की जैसे कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने युवाओं को समझाइश दिए हैं कि वे जिले की शांति व्यवस्था को तोड़ने और अपराध चोरी, डकैती, अपहरण, लूट जैसे वारदात का झूठी वीडियो बनाकर मोबाइल से अपलोड नहीं करें। यदि युवाओं द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसके विरूद्ध पुलिस की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ऐसी झूठी वीडियो सारंगढ़ में बनाई गई थी, उन युवकों के विरूद्ध कलेक्टर ने कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम और पुलिस अधिकारी को दिए।

### कम गहराई में पाइप लाइन बिछाने के कारण अवैध नल कनेक्शन के मामले बढ़े

# एक मीटर खुदाई कर बिछानी है पाइप लाइन कई गांवों में ठेकेदारों ने ढाई फीट में बिछा डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन देने के लिए पानी टंकी का निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक खत्म नहीं हो पाया है। कई गांवों में अब तक पाइप लाइन तक बिछाई नहीं गई है। इस योजना के तहत जारी गाइड लाइन के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए एक मीटर यानी 3.28 फीट जमीन में गड्ढा किया जाना है, लेकिन इस नियम का कई गांवों में पालन नहीं किया गया है। कहीं ढाई फीट, तो कहीं तीन फीट गहराई करके पाइप लाइन बिछा दी गई है। कम गहराई में पाइप लाइन बिछाने के कारण अब पानी की चोरी होने लगी है। कई ग्रामीण पानी की धार कम होने के कारण अवैध रूप से कनेक्शन लेने लगे हैं, जिसके कारण गांव के दूसरे परिवारों को पानी ही नहीं मिल पा रहा है।

### इस तरह की खामियां भी उजागर

राष्ट्रीय पेयजल मिशन अंतर्गत दिसंबर 2024 तक घर-घर नल कनेक्शन देना है। इस आदेश के तहत अब तक कई ग्रामों में पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाए जाने के बाद भी ग्रामीणों को कनेक्शन नहीं मिल पाया है, वहीं कहीं कनेक्शन मिल गया है, तो टंकी में पानी नहीं भरने के कारण नलों से पानी नहीं आ रहा है। कई जगह कनेक्शन ही शुरू नहीं किए गए हैं, तो कई जगह पाइप लाइन

### कलेक्टर जनचौपाल में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

गांव के एक परिवार ने इसकी शिकायत कलेक्टर जनचौपाल में भी की है, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि पीएचई विभाग के अधिकारी ने इस शिकायत की जांच किए बिना कागजों पर जवाब दे दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मापदंड के अनुसार पाइप लाइन बिछाई गई और कोई भी अवैध रूप से कनेक्शन नहीं लिया है, जबकि शिकायतकर्ता ने अवैध नल कनेक्शन का फोटो व विडियो बनाकर साक्ष्य के साथ शिकायत की है।



फाइल फोटो

### एक मीटर की खुदाई कर पाइप लाइन बिछाने का नियम

पाइप लाइन बिछाने के लिए एक मीटर की खुदाई करने का नियम है। इस नियम के तहत ही पाइप लाइन बिछाया जाता है।

- **अविनाश एक्का,** सब इंजीनियर, तिल्दा

### ग्राम भटिया में मामला उजागर

आरंग क्षेत्र के ग्राम भटिया में नल जल मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण व पाइप लाइन बिछाकर घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है। इस टंकी के जरिए घरों में गर्मी के सीजन से पानी की सप्लाई भी शुरू हो चुकी है। नए कनेक्शन से घरों में मिलने वाली पानी की धार बहुत कम आ रही थी। इसके कारण टंकी के पास और मुख्य पाइप लाइन के अगल-बगल रहने वाले कई ग्रामीणों ने पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण अवैध रूप से पाइप लाइन से दोबारा कनेक्शन ले लिया है। इस तरह लोग पानी की चोरी करने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार इस गांव में जो पाइप लाइन बिछाई गई है, वह निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं है। करीब तीन फीट से भी कम गहराई में पाइप लाइन बिछा दी गई है, जिसके कारण ग्रामीण आसानी से खुदाई कराकर पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन लेने लगे हैं।

### दो साल पहले बनी टंकी, पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं

*आरंग क्षेत्र के ग्राम कुरुद में पानी टंकी बने हुए दो साल हो चुका है, लेकिन पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यहां के सरपंच पारसराम साहू ने बताया कि राष्ट्रीय पेजयल मिशन अंतर्गत उनके गांव में पानी टंकी का निर्माण हुए दो साल हो गए हैं, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछाए जाने के कारण गांववासियों को कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन में इसकी शिकायत की है, जिसके बाद अधिकारियों ने पाइप लाइन का सामान गांव में डंप किया हुआ है, लेकिन खुदाई का काम शुरू नहीं हो पाया है।*

## जेल जाने को भी सेलिब्रेट कर रहे बदमाश, वीडियो बनाकर इंस्टा में शेयर कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बदमाशों के मन में खौफ पैदा करने पुलिस कई तरह के अभियान चलाती है। चाकूबाजी, मारपीट की घटना करने वाले बदमाशों का पुलिस समय-समय पर थाना बुलाकर परेड भी कराती है। बावजूद इसके बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति कितना खौफ है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बदमाश गिरफ्तार होने तथा जेल जाने को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस की गिरफ्त में आया एक बदमाश पुलिस पेट्रोलिंग वाहन में अपने हाथ में लगी हथकड़ी दिखाते हुए सोशल मीडिया में वायरल किया है।

■ चाकूबाजी के आरोप में गिरफ्तार बदमाश ने हथकड़ी लगी वीडियो शेयर किया

हथकड़ी लगे जिस बदमाश ने इंस्टाग्राम में अपना वीडियो वायरल किया है, उसका नाम संजू निहाल बताया जा रहा है। संजू को पुलिस ने पिछले दिनों चाकूबाजी के आरोप में गिरफ्तार किया था, जिसे पुलिस हथकड़ी लगाकर कोर्ट ले जा रही थी। इसी दौरान बदमाश ने अपने हथकड़ी लगे हाथ का लाइव वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में वायरल कर दिया। बदमाश ने वह वीडियो पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन के अंदर बनाया है। ऐसे में सवाल उठता है कि गिरफ्तारी के बाद कोर्ट ले जाते बदमाश के पास मोबाइल कैसे पहुंचा, जबकि पेट्रोलिंग वाहन में पुलिस भी मौजूद थी। इस तरह के सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने से बदमाशों के हौसले बुलंद होते हैं।

## 157 कर्मियों को नियमित वेतन से वंचित रखने के विरोध में 19 को संचालनालय का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मियों ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ ने भी अब शासन के खिलाफ आंदोलन का रुख अख्तियार करने का मन बना लिया है। 157 कर्मियों को नियमित कर्मी की तरह वेतन से वंचित रखने से आर्थिक दिक्कतें आने लगी हैं। इसके साथ ही विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रम में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मांगों को लेकर समय-समय पर पत्र के माध्यम से ध्यानाकर्षण कराते आए हैं।

कर्मचारी संघ के लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि कई बार प्रयास करने के बाद भी किसी प्रकार की सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई। इससे कर्मचारियों ने अब संचालनालय का घेराव का निर्णय लिया है।

यह जानकारी बुधवार को पत्रकारवार्ता में धन्नू लाल देवांगन ने दी। उन्होंने बताया कि हर तरह का प्रयास करने के बाद कर्मचारी थक चुके हैं। रामलाल खुंटे व विजय कुमार पाल ने बताया कि 15 जुलाई को ही 8 हजार कर्मचारियों ने विरोध के लिए एक दिन का अवकाश लेने के लिए संयुक्त रूप से जानकारी दी है। अब 19 जुलाई को धरना स्थल पर विरोध के बाद घेराव के लिए निकलेंगे।

## पीएम आवास व अमृत सरोवर निर्माण में तेजी लाये विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामकाज की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अमृत सरोवर निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों द्वारा अभी तक 15वें वित्त राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र को समय सीमा के भीतर जमा करने के निर्देश उपसंचालक पंचायत एवं सभी जनपद पंचायत सीईओ को दिए हैं। साथ ही साथ ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में जोर देते हुए गांवों में संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रोजगार मूलक कार्ययोजना बनाने की बात कही है। कलेक्टर ने इस दौरान पंचायत विभाग से संबंधित महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अमृत सरोवर, वृक्षारोपण सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ समय पर और सही तरीके से जनता तक पहुंचना चाहिए। कलेक्टर ने कहा शासन की योजनाएं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन योजनाओं का सही तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी और कर्मचारी इस दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करें। कलेक्टर ने योजनाओं से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जनप्रतिनिधियों और जनता के साथ मिलकर काम करें, ताकि किसी भी समस्या का त्वरित समाधान हो सके। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं की सफलता के लिए समुदाय की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### 15वें वित्त राशि की यूसी सीसी को जल्द ही जमा करने के दिए निर्देश



### हर सप्ताह ग्रामीण सचिवालय को एक्टिव रहने निर्देश

श्री सोनी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह ग्रामीण सचिवालय का आयोजन किया जाए। इसी प्रकार पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी बहुल बसाहटों में मूलभूत सुविधाओं सहित सभी प्रमुख योजनाओं से जनजाति परिवारों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि की कमी नहीं होगी। सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं। इन्हें तेजी से पूर्ण करने के लिए कार्ययोजना बनाएं। श्री सोनी ने कहा कि कई पात्र हितग्राही जो आवास बनाने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें वालेंटियर्स के माध्यम से सपोर्ट दिया जाएगा। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि कार्य करने वाले मेंशन की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता हो, जहां मेंशन नहीं है वहां स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मेंशन की ट्रेंनिंग की व्यवस्था की जाए। निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने वाले विक्रेताओं की सूची भी आवश्यकता पड़ने पर हितग्राहियों को उपलब्ध कराएं। आवासों का कार्य एक साथ शुरू हो और गृह प्रवेश भी एक साथ हों।

### बड़े गांवों का होगा योजनाबद्ध विकास

बड़े गांवों का योजनाबद्ध ढंग से विकास होगा, इसके लिए प्रथम चरण में 3 हजार से अधिक जनसंख्या वाले गांवों का चयन किया जा रहा है। चयनित गांवों के विकास के लिए भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय की ओर से निर्धारित मानकों के अनुसार योजना तैयार की जाएगी। अमृत सरोवरों में गांव की सुविधा अनुसार पौधारोपण करने, पचरी बनाने और शौचालय बनाने के साथ ही मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन के लिए रणनीति बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत राज्य में कार्यरत बीसी सखियों, लखपति दीदी, लखपति दीदियों के प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को न्यूनतम दर पर ऋण आदि कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी।

### सिकासार में बढ़ा जलभराव

गरियाबंद जिले में अच्छी बारिश की वजह से सिकासार बांध के जलस्तर में पिछले साल के मुकाबले 6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पिछले साल यहां पर 16 जुलाई को 27 प्रतिशत जल भराव था, जो आज की स्थिति में 33 प्रतिशत है। यहां 1 जून से अब तक 270 मिमि बारिश दर्ज की गई है। वहीं धमतरी जिले माडमसिल्ली बांध में पिछले साल के मुकाबले पानी लगभग आधा प्रतिशत बढ़ा है। यहां पर बारिश के बाद बांध में अभी 1678 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है।

# मानसून सीजन में भी गंगरेल सहित कई बांधों के कंठ सूखे, कैचमेंट एरिया से आवक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धमतरी जिले में महानदी पर बने प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े गंगरेल बांध सहित कई बांधों के कंठ सूखे हैं। मानसून के सीजन में भी कैचमेंट एरिया से गंगरेल में पानी की आवक नहीं हो रही है। 32.150 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध का जलग्रहण क्षेत्र मीलों तक फैला हुआ है। इसमें धमतरी के साथ बालोद व कांकेर जिले का भी बड़ा हिस्सा शामिल है। यहां पर जून में कम बारिश और जुलाई में कहीं-कहीं बारिश होने से बांध में पानी की आवक शून्य है। अब तक बांध में 4.83 प्रतिशत पानी बचा है। बांध की क्षमता 767 मिलियन क्यूबिक मीटर है, लेकिन अभी उसमें 37.3 मिलियन क्यूबिक पानी है।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मानसून आने के बाद अनियमित बारिश की वजह से बांधों में पानी की आवक नहीं हो रही है। प्रदेश में बांधों की कुल क्षमता का केवल 5 प्रतिशत भराव क्षमता बढ़ी है। बांधों में बारिश के सीजन में प्रदेश के कई जिलों में कम बारिश की स्थिति बनी हुई है। कोरबा के हसदेव नदी पर बने बांगो बांध में पिछले साल के मुकाबले 36 प्रतिशत कम पानी है। यहां पर पिछले साल 70 प्रतिशत पानी था, जो इसी सीजन में मात्र 44 प्रतिशत है। गंगरेल बांध में पिछले साल के मुकाबले लगभग 48 प्रतिशत कम पानी का भराव है। 2023 में यहां जुलाई के पहले पखवाड़े में 53.87 प्रतिश जल भराव था, जो आज की स्थिति में मात्र 4.82 प्रतिशत है। तांदुला बांध में पानी की स्थिति पिछले साल के मुकाबले 60 प्रतिशत कम है। देखें तो पिछले साल यहां पर 65 प्रतिशत जल भराव था, जो कि इस साल 5.82 प्रतिशत है। दुधावा बांध की स्थिति देखी जाए, तो यहां पर पिछले साल के मुकाबले 40 प्रतिशत कम पानी है। इसी तारीख को 57 प्रतिशत पानी था, जो आज की स्थिति में मात्र 17 प्रतिशत रह गया है। दुधावा बांध के कैचमेंट एरिया में बारिश होने से बांध में 4014 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। खारंग बांध में पिछले साल के मुकाबले 15 प्रतिशत कम पानी है। यहां पर पिछले साल 76 प्रतिशत पानी था, जो आज की स्थिति में 61 प्रतिशत है।

### प्रदेश के बांधों में जून-जुलाई की बारिश में मात्र 5 प्रतिशत जलभराव बढ़ा

#### पानी की आवक के बाद भी कम पानी

सोंढूर बांध में पिछले साल के मुकाबले 45 प्रतिशत कम पानी का भराव है। यहां पर पिछले साल इसी सीजन में 60 प्रतिशत पानी था, आज की स्थिति में यहां 15 प्रतिशत जल भराव है। बांध में बारिश के चलते कैचमेंट एरिया से 231 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। प्रदेश के 12 बड़े बांधों में जुलाई के पहले पखवाड़े में मात्र 32 प्रतिशत पानी है, जो पिछले साल 63 प्रतिशत था। वहीं 34 मध्यम बांधों 31 प्रतिशत पानी है, जो पिछले साल 59 प्रतिशत था।



फाइल फोटो

## खबर संक्षेप

### मौसम बदलते ही कोरोना का केस

**रायपुर।** मौसम में हुए बदलाव और लंबे ब्रेक के बाद बिलासपुर में कोरोना का केस सामने आया है। 66 वर्षीय मरीज जिसका इलाज वहां के निजी अस्पताल में चल रहा है उसकी रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है। मरीज को सांस लेने में तकलीफ के बाद इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया था। सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम उसकी ट्रैवल हिस्ट्री के बारे में जानकारी ले रही है। मरीज की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### मौसमी बीमारी की रोकथाम के निर्देश

**रायपुर।** मौसमी बीमारियों को रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की कमी ना हो इस बात की सतत निगरानी करने कहा गया है। इसके साथ ही सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखने कहा गया है। उन्होंने चेताया है कि किसी भी इलाके में मरीजों को इलाज के लिए तकलीफ ना उठानी पड़े इसका विशेष ख्याल रखा जाए।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद इलाके में शराब की तस्करी करने वाले आरोपी राजा साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास साढ़े तीन हजार रुपए की शराब मिली। पुलिस को सूचना मिली थी कि छतौना चौक पास एक व्यक्ति शराब लेकर जा रहा है। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे देशी शराब बरामद की गई है।

### 4 किलो पॉलीथिन जब्त 1200 जुर्माना वसूला

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन-5 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति में लाखेनगर चौक और रायपुरा चौक के पास दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 4 दुकानों से लगभग 4 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई और संबंधित दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए कुल 1200 रुपए जुर्माना वसूला।

### प्रापर्टी डीलर के खिलाफ थाना में फर्जीवाड़ा की शिकायत

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने एक प्रापर्टी डीलर के खिलाफ जमीन बिक्री करने के नाम पर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितों ने पुलिस पर प्रापर्टी डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय मामले की लीपापोती करने का आरोप लगाया है। प्रापर्टी डीलर के फर्जीवाड़ा का शिकार पूर्णिमा-अनिल कुमार सोनी, भूपेंद्र सिंह, पिंटू राजभर, अमृत महतो, प्रयाग शितोले तथा अन्य के मुताबिक प्रापर्टी डीलर ने उन्हें दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचने का सौदा कर करोड़ों रुपए की ठगी की है।

## निधन

### डायमंड कुमार साहू



**भवानीपुर।** ग्राम भरुवाडीह निवासी डायमंड कुमार साहू 49 वर्ष का निधन हो गया। वह चित्रलेखा साहू के पति, लोकेश साहू और दीपक साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भरूवाडीह में किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### रमेश पाण्डेय



**भवानीपुर।** ग्राम जुनवानी निवासी रमेश पाण्डेय 58 वर्ष का निधन हो गया। वह पुष्पा पाण्डेय पति योगेश पाण्डेय और दिनेश पांडेय के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम जुनवानी में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में आसपास के ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# दिल्ली में होगा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

समीपस्थ ग्राम पंचायत सकरी के एक साधारण किसान कुलेश्वर वर्मा की बेटी शीलमणी वर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपारिक चित्रकाला को दिल्ली में आयोजित होने वाली द हाट ऑफ आर्ट प्रदर्शनी जो 26 से 28 जुलाई तक आयोजित होगी, उसमें प्रदर्शित करेगी। शीलमणी वर्मा द्वारा बनायीं जाने वाली चित्रकाला में गोंड आर्ट, मंडला आर्ट जो शांति का प्रतीक है, पिछवाई व माडर्न अब्स्ट्रैक्ट पेंडिंग भी शामिल है, परंतु उनका लगाव गोंडचित्र कला में अधिक है। वह बच्चों को भी लोक चित्र कला बनाना सिखाती है। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला आकृति जो गोंड कला के नाम से प्रचलित है। गोंड कला चित्रकला आदिवासी कलाकृति का एक आकर्षण और जीवंत रूप है, जो इस जनजाति के रहन सहन की खुली किताब है। गोंड जनजाति भारत की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी जन जातियों में से एक है। समृद्ध इतिहास और अनूठी संस्कृति के साथ एक पारंपरिक आदिवासी कला रूप गोंड कला की उत्पत्ति दीवारों की सजावट से हुई है, जिसे वे अपने घर में अपने दैनिक जीवन के हिस्से के रूप में बनाते थे।

### सकरी की शीलमणी ने बनाया गोंड़ और मंडला आर्ट, जो है शांति का प्रतीक

#### गोंड़ कला की विशेषता

गोंड कला की विशेषता पौराणिक और लोककथाओं से जुड़ी है। जिसमें प्रकृति और जीव–जंतु की आकृतियां को चटकारे रंगों से बनाते हैं और प्रत्येक आकृति को सूक्ष्मता से भरने वाले पैटर्न धरियों व छोटी छोटी बिंदु से सजाया जाता है। गोंड चित्रकला छत्तीसगढ़ की जीवनशैली का एक प्रमुख अंग है। आधुनिक जमाने में हम देख रहे हैं धिरे–धीरे हमारे छत्तीसगढ़ की परंपरा विलुप्त होती जा रही है। पहले प्रत्येक घर में यह कलाकृति की छवि देखने को मिलती थी, जो अब नहीं दिखती। इसी परंपरा को पुनः जगाने व आने वाली पीढ़ी को लोक कला की सरलता और सौंदर्य को बताने का यह एक छोटा सा प्रयास है।



**कारवाई : आरोपी खलासी ने चालक की हत्या की थी**


# सात वर्ष पुराने हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

सात साल पहले चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया खलासी ने गालीगलौज और पैसा नहीं देने से परेशान होकर जैक राड मारकर चालक की हत्या की थी।

बलौदाबाजार जिले के कसडोल थानांतर्गत मुख्य मार्ग दर्रा में सात साल पहले ट्रक चालक को खलासी के द्वारा हत्या कर फरार आरोपी को कसडोल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कौशल किशोर वासनिक ने बताया कि मुखबिर की सूचना ग्राम बकुलाही भाटापारा के पास घेराबंदी कर सात साल पहले ट्रक चालक राकेश सिंह बघेल पिता विकन बहादुर सिंह बघेल उम्र 30 वर्ष साफिन खोरी सरहाटोला थाना बहरी, जिला सीधी मध्यप्रदेश को खलासी आरोपी मोतीरंम ध्रुव पिता कार्तिक रम ध्रुवं उम्र 27 वर्ष साकिन बुडगहन, थाना-सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार के द्वारा ट्रक चालक के द्वारा बार-बार मां बहन की गंदी गाली देने तथा काम का पैसा मांगने पर नहीं देने की बात को लेकर आरोपी द्वारा गुस्से में आकर हत्या करने के नियत से जेक रॉड से सिर में प्राणघातक हमला किया। वार से चालक की मौत हो गई। मोती ने ट्रक चालक राकेश सिंह बघेल के शव को ग्राम दर्रा रोड किनारे तालाब के पास के मिट्टी में शव को छिपाकर घटना दिनांक 02/07/2017 के दरमियानी रात से फरार था। पुलिस ने आरोपी को 18 जुलाई को गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### गाली और पैसा नही देने पर जैक रॉड से किया था हमला



# स्कूल जतन योजना से स्कूलों का सर्वांगीण विकास करें विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



कलेक्टर धर्मेश साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रगतिरत कार्यों और जनदर्शन तथा ऑनलाइन से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जिले के विभागीय अधिकारियों से पूछताछ की और निदान करने निर्देशित किया।

- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया

कलेक्टर ने बच्चों में दा न शी ल ता और नैतिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी किताब की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए स्कूली बच्चों से अपील करें कि स्वेच्छा से वे अपने पिछली कक्षा के पुस्तक को स्कूल में दान करें, जिससे उस कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी को वह पुस्तक पढ़ाई के काम आ जाएं। स्कूल जतन योजना अंतर्गत जर्जर भवनों को नष्ट करने के लिए और मरम्मत योग्य भवनों की मरम्मत करने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना से स्कूलों का सर्वांगीण विकास कार्य करें। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्कूलों में हुए कार्यों के सत्यापन के लिए नोडल अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनके निरीक्षण में कोई कमी पाई गई तो कार्रवाई होगी। नोडल अधिकारियों के निरीक्षण के अलावा क्रॉस चेकिंग जिला स्तर पर की जाएगी। निरीक्षण अंतर्गत स्कूलों में जर्जर भवनों की सूची, लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षक, बिना अनुमति के अनुपस्थित शिक्षक आदि की जानकारी प्रदान करना शामिल हैं। बैठक में कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के एसडीओ विग्नेश को किसी व्यक्ति के निजी जमीन पर सड़क का निर्माण हुआ है तो उसका मुआवजा की कार्यवाही करने के लिए, पीव्ही वसूली के लिए खाद्य अधिकारियों को, पति-पत्नी दिव्यांग और दिव्यांग इलेक्ट्रीशियन को समाज कल्याण विभाग से सुविधा देने के लिए प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को 19 जुलाई को होने वाले जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर के संबंध में आवश्यक तैयारी के लिए निर्देशित किया। बैठक में परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल सहित जिले के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

### कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज ने बच्चों को बांटी स्कूली सामग्री...



**भाटापारा।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सदस्यों द्वारा संस्कार ज्योति विद्या मंदिर रोहरा के बच्चों को बैग, किताबें, यूनिफॉर्म, टिफिन, पानी बॉटल, चाकलेट का वितरण किया। इस दौरान अध्यक्ष अटलबिहारी त्रिवेदी, सचिव अजयकांत शुक्ला, बसंत पाण्डेय, रामकृष्ण शुक्ला, प्रकाश तिवारी, मनोज मिश्रा, देवकांत मिश्रा, मनीष मिश्रा, प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



ग्राम बेलटिकरी में सरपंच हरिशंकर जायसवाल के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस मौके पर सरपंच हरिशंकर जायसवाल ने कहा कि– पेड़ पौधे ही हमारे जीवन रक्षक है। साथ ही पेड़ पौधों की अधिकता मानव जीवन को स्वस्थ्य रखने मे मदद करता है। साथ ही साथ जिस तरह विलासिता जिंदगी ने पर्यावरण को हानि पहुंचायी है, अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरा मानव समुदाय पर गहरा सकंट आ सकता है। असमय वर्षा, अत्यधिक तापमान कुछ ऐसी निशानियां है, जो हमें सचेत कर रही है। ऐसे में सबसे अहम पौधारोपण है। साथ ही इसके वृक्ष बनने तक पूरी देखभाल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि–जागरूकता भी जरूरी है और पेड़ भी वाकई में एक मां का किरदार निभाती है। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम जागरूकता के साथ-साथ एहसास भी है, जो आम इंसान को सीधे प्रकृति से जोड़ती है। इसलिए हम सभी लोगों को एक-एक पेड़ लगाना चाहिए, जिससे पर्यावरण शुध्द रहेगा।

### डा. अमरोहित ने पीएससी अभ्यार्थियों को दिए टिप्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पीएससी एवं अन्य राज्यस्तरीय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा अभ्यर्थियों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार नालंदा प्रबंधन सोसाइटी द्वारा सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित सेमिनार हॉल में गत दिनों किया गया। इस सेमिनार में नालंदा लाइब्रेरी से जुड़े अभ्यर्थी भी शामिल हुए। इसी दौरान प्रतियोगी परीक्षा पुस्तकों के लेखक डा. गीतेश अमरोहित ने युवा अभ्यार्थियों के जिज्ञासाओं और प्रश्नों का सहजता से जवाब देते हुए प्रतियोगी परीक्षा तैयारी संबंधी कई टिप्स दिए। उन्होंने स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों पर भी प्रकाश डाला।

# भुईंयां साफ्टवेयर के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



पटवारियों की हड़ताल से सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थियों और उनके पालकों को हो रही है। इस समय उनका आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। वहीं किसानों को विभिन्न कार्यों के लिए नक्शा-खसरा एवं बी–1 की नकल नहीं मिल पाने से उनका जरूरी काम अटक रहा है। प्रांतीय संरक्षक कृष्णकुमार मिरी ने बताया कि हड़ताल हमारा शौक नहीं मजबुरी है। हड़ताल से आमजनों को हो रही परेशानी के लिए खेद है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा हमारी मांगों पर सहमत होते हुए भी उचित समाधान नहीं करने के कारण हड़ताल पर जाना पड़ा है। हम अपने निजी स्वार्थ अथवा वेतन बढ़ाने हड़ताल नहीं कर रहे हैं, वरन् त्रुटि सुधार को लेकर आमजनों को हो रहे परेशानी को लेकर है। यदि भुईंयां साफ्टवेयर में आवश्यक संशोधन कर यूजर फ्रेंडली बनाकर काम करने आवश्यक साधन संसाधन उपलब्ध करा दें तो हम आज ही लोकहित में हड़ताल खत्मकर अपने कार्य में उपस्थित हो जाएंगे। धरना में प्रमुख रूप से प्रांतीय संरक्षक कृष्णकुमार मिरी, तहसील अध्यक्ष होलिकाप्रसाद कैवर्त, उपाध्यक्ष रामकुमार रात्रे, सचिव पुष्पेन्द्र पटेल के साथ फागुलाल साहू, संजीव साहू, भरतलाल वर्मा, राहुल वर्मा, प्रवीण गुप्ता, कीर्ति साहू, रितेश तंवर आदि विरोध स्वरूप काला कपड़ा पहनकर धरना में उपस्थित थे।

- पटवारियों ने हड़ताल का कारण गिनाया, आम लोगों को होने वाली परेशानियों के लिए जताया

# ग्रामीणों ने मनाया माता पहुंचनी महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



गिधपुरी में माता पहुंचनी पर्व धूमधाम से मनाया गया। गांव के बैगा द्वारा सभी देव स्थल पर सुबह से ही पूजा–अर्चना कर गांव की खुशहाली की कामना कर महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में मां का विशेष श्रृंगार कर विधि विधानपूर्वक पूजा–अर्चना की गई। माताएं अपने संतान एवं परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए घर से पूजा की थाली सजाकर मंदिर पहुंचीं। भक्तों में नीम के पत्ते से पानी का छिड़काव किया गया। गांव के समस्त लोग मंदिर पहुंचकर रोग व संकट से बचने तथा अच्छी फसल की कामना से जुड़वास लिये। सेवा समिति द्वारा गांव का भ्रमण कर माता जसगीत गाते हुए महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किए। मंदिर में आने जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पुजारी नकुल ध्रुव, कुंज साहू, श्यामू यादव, गोरेलाल यादव, जीतू साहू, सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बिलाईगढ़ और मोहतरा-न में राजस्व शिविर आज

**सारंगढ़/बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग में 19 जुलाई को बिलाईगढ़ और मोहतरा–न में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिलाईगढ़ के शिविर में खजरी, छपोरा, बिलाईगढ और सेमराडीह (13) के ग्रामीण और सरसींवा तहसील के मोहतरा–न के शिविर में ग्राम मोहतरा–न, डुरूमगढ़, नरेशनगर, ढनढनी, पचपेडी, रायकोना, छिरचुंवा और गगोरी के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्योंर् जैसे बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

## पेज 11 के शेष

### वार्डों के परिसीमन

घंटे तक वहां गहमा गहमी का माहौल था। वहीं एसडीएम ने शिकायत की गंभीरता को लेकर पालिका के परिसीमन नोडल अधिकारी अजय नायडू को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए शुक्रवार को नोटिस का जवाब देने निर्देश दिए हैं।

### 11 लीटर महुआ...

की गई है। आरोपी आकाश 22 साल निवासी ग्राम अर्जुनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी के विरूद्ध चौकी गिरौदपुरी थाना गिधौरी में अपराध दर्ज किया गया है और जहां उसे जेल भेजा गया है।

### कलेक्टोरेट आगजनी ...

(वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) (क) के तहत किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित को नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### 1 लाख रुपए जब्त...

वर्ष अचानकपाली चौकी कनकबीरा, धर्मेन्द्र पिता पदुमलाल पटेल 47 वर्ष नवरंगपुर थाना सिटी कोतवाली सारंगढ, बहादुर पिता भुरू जायसवाल 38 वर्ष झिलगीटार चौकी कनकबीरा, टेकराम पिता नेहरू साहू 44 वर्ष अचानकपाली चौकी कनकबीरा जिला सांरगढ़–बिलाईगढ़ शामिल हैं। उक्त जुआड़ियों कब्जे से कुल नगदी रकम 1 लाख रुपए जब्त की गई। वहीं आरोपियों का कृत्य धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### बिलाईगढ़ क्षेत्र में आज लगेगा शिविर

**सारंगढ़/बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम खपरीडीह, बांसउरकुली, चंदलीडीह, टुंडरी, भोथीडीह, मनपसार, कैथा, तेंदुदरहा, सलिहा, जमगहन, पंडरीपानी, पीपरडीह और बालपुर में 19 जुलाई शुक्रवार को शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में आधार लिंक, आयुष्मान कार्ड निर्माण, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पंजीयन कार्य होगा। इन सभी कार्यों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान हितग्राहियों से किया जाएगा।

### राजस्व शिविर में मिले 50 आवेदन

**गोपालपुर।** अनुभाग बिलाईगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय खम्हरिया के पंचायत भवन में प्रभारी आरआई संतोष पाण्डेय की उपस्थिति में राजस्व शिविर आयोजित किया गया, जिसमें जाती निवास, आय प्रमाण पत्र के 50 आवेदन प्राप्त हुए। जब आस पास के आम लोगों को शिविर का पता चला तो काम होने की आशा में लोग खुश हो गये। शिविर में खगेश जाटवर सरपंच, रामनाथ साहू ग्राम पटेल, बिशेष साहू, राम दयाल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, परमानंद साहू, महताप पंच एवं नौतम दास कोटवार धौराभाठा एवं क्षेत्र के कोटवार मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और छत्तीसगढ़ में किसान सत्याग्रह के प्रणेता बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर को उन्हें नमन किया है। उनके योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में जनमानस को जागृत करने में 'बाबू साहब' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में शोषण और अन्याय के विरूद्ध किसानों ने 'कंडेल नहर सत्याग्रह' किया। प्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने में भी उनकी अहम भूमिका रही।

**वेतन को लेकर प्रदेश के 184 नगरीय निकायों के कर्मचारी हुए लामबंध**

# 4 माह से वेतन रुका, काली पट्टी लगाकर कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

महासंघ एवं नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेश के 184 नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश सचिव, ऋषभ ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्राकर एवं जिला के पदाधिकारियों ने बताया है कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है। वर्तमान स्थिति में लगभग सभी नगरीय निकायों में विगत 1 से 4 माह का वेतन भुगतान लंबित है। इस संबंध में न ही निकाय द्वारा न ही शासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। वेतन लंबित होने के कारण निकाय के कर्मचारियों की आर्थिक एवं मानसिक स्थिति खराब हो गई हैं। वेतन न मिलने के कारण बच्चों की पढ़ाई से लेकर परिवारिक दायत्वों पर पर भी बुरा असर पड़ रहा है। संघ की ओर से इस संबंध में वेतन समस्या का निराकरण किये जाने विभागीय संचालक, सचिव, विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया है, किन्तु शासन द्वारा इस पर कोई सार्थक पहल नहीं की गई है।



### 22 जुलाई को प्रदेश में कलमबंध हड़ताल करने दी चेतावनी

सोनी ने बताया है कि वेतन नहीं मिलने के कारण प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर कर शासन के रवैये के कारण विरोध प्रदर्शन किया जावेगा और 22 जुलाई को प्रदेश में कलमबंध हड़ताल करते हुये 29 जुलाई को प्रदेश के सम्पूर्ण नगरीय निकाय द्वारा अपने-अपने जिला स्तर में धरना प्रदर्शन करेंगे। सोनी ने कहा है कि इसके पश्चात भी कर्मचारियों के मांगों के संबंध में शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं की जाती है तो संघ द्वारा अनिश्चित कालीन आंदोलन मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जावेगा।

# 92 आयुष्मान कार्ड का वितरण, 7 नये बनाये गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरी भ में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बी एस ध्रुव के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिन ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है उसका वितरण किया गया तथा जिनका नहीं बना है, उनका कार्ड बनाया गया। इस दौरान 92 आयुष्मान कार्ड वितरण एवं 7 व्यक्तियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

इसका शुभारंभ ग्राम पंचायत खपरी भ के उपसरपंच मुकेश झा ने ग्रामीण को आयुष्मान कार्ड वितरण कर किया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वह सभी शिविर में आकर अपना कार्ड बनवा सकते हैं। गांव में हर परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड होना चाहिए, जिससे सभी को कार्ड का लाभ मिल सके। शासन द्वारा हर परिवार को स्वास्थ्य इलाज के लिए 5 लाख तक का मुक्त इलाज करवाने के लिए यह कार्ड बनाया जा रहा है, जिसमें सभी वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ चमन लाल साहू व जीडी एस ऑपरेटर सुहंशु जॉन की ड्यूटी लगी थी, जिन्होंने 92 आयुष्मान कार्ड वितरण एवं 7 व्यक्तियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया।

ग्रामीणों ने आयुष्मान कार्ड के लिए बारी– बारी से अपना कार्ड प्राप्त किया। इस अवसर पर मितानिन प्रीति झा, रेखा डहरिया, हेम किरण निषाद, परमेश्वरी निषाद, रितू ध्रुव, गेशवरी कुर्रे, पुष्पा निषाद, घुरवा निषाद, चंद्रिका निषाद, दिब्य निषाद, जितेन्द्र निषाद, विनय साहू, मोती लाल, दूजराम निषाद, भरत निषाद, विभिन्न व्यक्तियों का शिविर में आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया।

## कलेक्टोरेट आगजनी में शामिल 2 लोग और गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** नगर में दस जून को आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा कलेक्टोरेट में आगजनी, पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करने में शामिल 2 लोगों और गिरफ्तार किया गया है।

यह कार्रवाई सिटी कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को की। गिरफ्तार आरोपियों में अजय डहरिया 24 साल ग्राम छुईहा (मालगुजारी) निवासी तथा आकाश कुमार धृतलहरे 24 साल निवासी ग्राम छुईहा (मालगुजारी) थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार शामिल हैं। पुलिस अब तक 170 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

विदित हो कि उक्त आरोपियों द्वारा संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खड़ी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी गई थी। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग–अलग टीमों द्वारा संभावित स्थलों में लगातार दबिश दी जा रही है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्रवाई करते हुए सरगर्मी से पता तलाश में जुटी है।

# सड़क बनी मवेशियों का गौठान दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



सरकार आम लोगों के लिए अच्छी से अच्छी सड़क निर्माण करवा रही है, जिसमें करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, ताकि सभी लोग सुगमता पूर्व अपनी यात्रा सफल कर सके, लेकिन सरकार का सपना अधुरा नजर आ रहा है। क्योंकि सड़क तो अच्छी चमचमाती है, लेकिन उसमें आए दिन आवारा मवेशियों का झुड़ के झुड़ बैठे रहते हैं। देखने में ऐसा प्रतीत होता है, ये सड़क नहीं गोठान है, जबकि राहगीरों हमेशा दूर घटना का भय बना रहता है। सड़क किनारे सभी गांवों के आवारा मवेशी सड़क पर बैठे रहते हैं। अब के समय में किसान धान बुआई कर चुका और धान के छोटे-छोटे पौधे हैं, उनको नुकसान किया जा रहा है। गांव गली एवं सार्वजनिक, स्थानों में गोबर बदबू दे रहे हैं, इससे भी सभी लोगों को भारी परेशानी उठाना पड़ रही है। अब ये सोचनीय का विषय है मवेशियों सड़क किनारे या अन्य गांवों के लोगों की होगा और ये मवेशी हम सभी लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यदि मवेशियों को उनके मालिक संभाल कर रखते तो ऐसा समय देखने को नहीं मिलता। इन मवेशियों के जिम्मेदार कौन है? इनके लिए सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए। पिछली सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर गोठान का निर्माण करवाया है, लेकिन अभी के समय में गोठान एक भी पैसा का काम नहीं आ रहा है, न इनका उपयोग वर्तमान सरकार कर रही है, बल्कि गोठान खाली पड़ा हुआ है। यदि सरकार मवेशियों को उक्त निधारित स्थान पर रखवा देते तो सड़क दुर्घटना से मवेशी बच जाते और सार्वजनिक स्थानों में गंदगी नहीं फैलती और किसानों की फसल सुरक्षित रह जाती।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**

